जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-4 | जयपुर, सोमवार, 30 जनवरी, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## चौमूं में आयोजित हुआ उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का हुआ सम्मान



उत्कृष्ट कार्य करने पर कनिष्ठ सहायक किरण सैनी को सम्मानित करते हुए अतिथि





**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपखंड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने झंडारोहण किया । झंडारोहण के पश्चात एनसीसी कैडेट द्वारा सलामी ली । उपखंड की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । उपखंड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने कहा कि 26 जनवरी के दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था । इसलिए गणतंत्र दिवस मनाया जाता है । विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी निभाना चाहिए । उपखंड अधिकारी ने नगरपालिका प्रशासन को कार्यक्रम व्यवस्थाओं को लेकर सराहा। इसके बाद मुंबई शहर से आए सैयद भाई ने अपनी टीम के द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए। सिर के बालों से एंबुलेंस को खींचा गया जिसे देखकर लोगों ने दांतो तले अंगुली दबा ली । गणतंत्र दिवस समारोह में पहली बार प्रगतिशील किसानों द्वारा अपने जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई, उसको देखकर लोगों ने जानकारी प्राप्त की ।


एसडीएम प्रियव्रत सिंह चारण की पहल से सामोद हादसे में पीड़ित बच्ची सान्वी मल्होत्रा को भामाशाहों के द्वारा 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई । समारोह में अग्निशमन कर्मियों ने मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया, जिसमें आग लगने पर एक व्यक्ति को बचाने का प्रयास किया गया । 32 सरकारी कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट किया गया साथ ही । समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ,पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, सहायक पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह निर्माण, तहसीलदार पूजा यादव, सीबीईओ गोविंदगढ़ राम सिंह मीणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी देवेंद्र जिंदल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया । कार्यक्रम का प्रभावी संचालन व्याख्याता संगीता शर्मा ने किया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे स्टेशन और उपखंड कार्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा ।

**इनको मिला उपखंड स्तरीय सम्मान-** ख्यालीराम हेड कांस्टेबल पुलिस थाना चौमूं , कैलाश चंद कांस्टेबल पुलिस थाना चौमूं , सुभाष यादव सहायक द्वितीय ,राजेंद्र मीणा सहायक प्रथम, मीनू देवी आंगनबाड़ी सहायिका, ममता चौधरी महिला पर्यवेक्षक, रेणु कुमावत सहायिका , कैलाश चंद यादव वरिष्ठ सहायक, अशोक कुमार शर्मा ऑफिस कानूनगो, दिनेश यादव ग्राम विकास अधिकारी , सुरेश कुमार मीणा सहायक विकास अधिकारी, फूल सिंह जाट ग्राम विकास अधिकारी, नेमी चंद मीणा कनिष्ठ सहायक, किरण सैनी कनिष्ठ सहायक, पपीन्द्र वर्मा वनरक्षक, सुनील कुमार कुमावत सहायक प्रोग्रामर, रामजीलाल सैनी सूचना सहायक, जगदीश प्रसाद देवन्दा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, कमला कुमावत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, संदीप सिंह कविया स्वास्थ्य निरीक्षक, अर्जुन लाल गुर्जर कार्यकारी सहायक अग्निशमन अधिकारी, देशराज फायरमैन, जगदीश प्रसाद गुप्ता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सुमन बुगालिया प्रधानाचार्य, प्रेम प्रकाश कुमावत व्याख्याता, रामगोपाल रेगर वरिष्ठ अध्यापक, मीनू जुनेजा अध्यापक, जमुना देवी कांस्टेबल, मालीराम सिविल डिफेंस कॉर्प्स, बाबूलाल गुर्जर होमगार्ड, अजय पारीक अध्यापक, पवन पारीक अध्यापक, डॉ. अल्पना शर्मा, नेहरु युवा मंडल अनंतपुरा जैतपुरा , विद्युत साथी फाउंडेशन, कालूराम झाझड़िया, सैयद भाई, सोहन लाल जांगिड़ और विजयलक्ष्मी सैनी ।

## विधायक रामलाल शर्मा ने किया मिसेज चौमूं कॉन्टेस्ट सीजन 4 के पोस्टर का विमोचन




**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के राधास्वामी बाग स्थित वीमन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले मिसेज चौमूं कॉन्टेस्ट का आयोजन फरवरी माह में किया जाएगा। कॉन्टेस्ट के पोस्टर का विमोचन विधायक रामलाल शर्मा ने अपने कर कमलों से किया । विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि वीमन वेलफेयर सोसाइटी लगातार महिला सशक्तिकरण के कार्यों को धरातल पर अंजाम दे रही है और महिलाओं के हर सुख - दुख में सोसाइटी आगे रहती है । मिसेज चौमूं कॉन्टेस्ट की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं । सोसायटी अध्यक्ष जगविंद्र कौर ने बताया कि हमारी सोसाइटी लगातार कई सालों से महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है और वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाया है । हमारी सोसाइटी 24 घंटे महिलाओं की सेवा में तत्पर है । सोसायटी द्वारा फरवरी में मिसेज चौमूं कॉन्टेस्ट का चौथा सीजन आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र की महिलाएं घर की दहलीज से निकलकर भाग लेंगी । इस दौरान संतोष यादव, पूर्णिमा, सरोज चौधरी, सुमित्रा चौधरी, रेणु योगी, किया जांगिड़, अन्नु महादेव, मीरा यादव, पिंकी जांगिड़, दीपिका शर्मा, मधु जांगिड़ आदि सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही ।



## पंडित रविंद्र आचार्य ने किया श्याम संध्या परिवार के अध्यक्ष शंकर झालानी का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने श्याम संध्या परिवार के अध्यक्ष शंकर झालानी का सम्मान किया । पंडित रविंद्र आचार्य ने झालानी को सम्मान स्वरूप साफा बंधवाकर , मोर छड़ी देकर, ज्योतिष सार संग्रह पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान शशांक बंसल, पंडित राहुल दाधीच, राजेश कट्टा, मोहित अग्रवाल, सुमित बंसल, शुभम शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर ने आयोजित किया निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर




**सीकर (हमारा वतन)।** लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर चौमूं द्वारा महरौली में आयोजित एकदिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में हॉस्पिटल निदेशक डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया ने कुल 43 मरीजों का ईलाज किया गया व शिविर में आए लोगों को बिमारी व आपातकालीन स्थिति से बचाव के टिप्स बताये । इस दौरान लोनिया हॉस्पिटल के प्रबंधक अमर सिंह यादव, डॉ.मनीष चौहान, डॉ.निशा चौहान, विकास नेहरा, धुडाराम यादव, मुकेश कुड़ी समेत कई ग्रामीण व .मेडिकल टीम मौजूद रही ।



# चौमूं विधानसभा में हुआ हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आगाज



**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के वार्ड नं. 23 भोजलावा में गणतंत्र दिवस पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में कांग्रेसियों के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आगाज किया गया। पूर्व विधायक सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, डॉ. शिखा मील, डॉ. राम नारायण यादव, डॉ. जेपी सैनी, डॉ. हनुमान बराला, सेवादल संगठन लल्लूराम सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुभारंभ कर भोजलावा बूथ संख्या 204 में घर-घर जाकर कांग्रेस की विचारधारा व गहलोत सरकार के द्वारा चौमूं विधानसभा में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया।

इस अभियान तहत कांग्रेसी राहुल गांधी के संदेश को लेकर विधानसभा के हर घर तक पहुंचाएंगे। साथ ही गहलोत सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को बताएंगे। पूर्व विधायक ने बताया कि वर्तमान में देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है।

युवा बेरोजगार है और महंगाई आसमान छू रही है। सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों के कब्जे में है। लोगों को एक धर्म को दूसरे धर्म, एक जाति को दूसरी जाति से व एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है।

इस मौके पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नानगराम लांबा, कृष्णकांत जोशी, गिरिराज देवन्दा, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवन्दा, गोपाल गुलिया, पार्षद आशीष यादव, रमेश चंद्र सैनी, अनिल कुमार सैनी, आमिर खान, इमामुद्दीन कुरेशी, ओम प्रकाश यादव, अशोक कुमार रच्छौया, सायर सिंह तंवर, फिरोज नागौरी, राजेंद्र इंदौरा, प्रतिभा नुवाल, मालसिंह कुमावत, सरपंच मुकेश कुमार मीणा, प्रहलाद शर्मा, बाबूलाल सिंगोदिया, डॉ. पीडी यादव, प्रोफेसर सी बी यादव, हीरालाल जादम, मालीराम यादव, गौरी शंकर कुमावत, सीताराम यादव, गेंदी लाल सैनी, मनोज अटल, कैलाश तिवाड़ी, युवा नेता रामकिशोर सैनी, अभिषेक मोरदिया, कालूराम सांखला, रामनिवास गागर, सीताराम यादव, सुरेंद्र यादव, रामावतार सैनी, ओमप्रकाश बुनकर, अर्जुन निठारवाल, राजेंद्र बागड़ा, सुरेश सेरावत सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहार के मौसम में भी रूखी है त्वचा कैसे रखना है इसका ख्याल

उम्र बढ़ने के साथ-साथ सामान्य त्वचा भी रूखी होने लगती है। उस पर बदलते मौसम में जब सबकी स्किन ग्लो कर रही होती है, आपकी स्किन आपको परेशान कर सकती है। जानिए कैसे रखना है इस मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल। वसंत के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। अब न तो वातावरण में पहले जैसी ठंड रह गई है और न ही हवा अब उतनी शुष्क है। यकीनन मौसम का यह बदलाव त्वचा पर भी नजर आने लगता है। पर बढ़ती उम्र के साथ हो सकता है कि इस मौसम में भी आपकी त्वचा आपसे एक्स्ट्रा केयर चाह रही हो। इसलिए जरूरी है कि उम्र के साथ चेहरे पर बढ़ने वाली ड्राईनेस को कंट्रोल करने के लिए कुछ चीजों का ध्यान रखा जाए। आइए जानते हैं उन उपायों के बारे में जो स्किन को नर्म, मुलायम बनाए रख सकते हैं।



**पहचानें आपकी त्वचा की चुनौतियां**-यलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के अनुसार बढ़ती उम्र आपकी त्वचा के लिए चुनौतियां बढ़ा सकती है। इसके साथ ही गर्म पानी से नहाने से भी त्वचा को नुकसान हो सकता है, जिससे स्किन ड्राई होती है। हार्श साबुन का उपयोग करना और स्किन को जोर से रगड़ना त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।ड्राई और डैमेज स्किन को मॉश्चराइज करने की बहुत आवश्यकता होती है। ड्राई स्किन की केयर करते समय स्किन केयर में इस्तेमाल होने वाली चीजों को सादा रखें। आपका स्किन केयर रूटीन जितना सिंपल रहेगा आप उतनी ज्यादा चीजों को अपनी स्किन पर लगाने से बचेंगे जैसे टोनर, सीरम और भारी मेकअप। ये सब चीजें स्किन को ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं।

**मॉइश्चराइजर का ध्यान रखना भी है जरूरी**-हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अनुसार मॉइस्चराइजर जितना थिक और चिकना होगा, वह उतना ही अधिक प्रभावी होगा। कुछ सबसे प्रभावी और कम खर्चीले मॉइस्चराइजर है पेट्रोलियम जेली और मॉइस्चराइजिंग तेल (जैसे मिनिरल ऑयल), जो पोर्स को बंद किए बिना स्किन में नमी को बनाए रखते है।

**1 करें गुनगुने पानी का इस्तेमाल**-हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अनुसार गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी का प्रयोग करें, गर्म पानी आपके शरीर के नेचुरल ऑयल को खत्म कर सकता है।

**2 साबुन का प्रयोग कम करें**-यदि आवश्यक हो, तो डव, ओले और बेसिस जैसी मॉइस्चराइजिंग साबुन का प्रयोग करें, या सेटाफिल, ऑयलैटम-एडी और एक्वानिल जैसे सोप फ्री क्लींजर का प्रयोग करें। डिओडोरेंट सोप, प्रफ्युम्ड सोप और अल्कोहल प्रोडक्टस से दूर रहें। ये सभी नेचुरल ऑयल को आपकी बॉडी से खत्म कर सकते हैं।


**3 स्किन को रगड़ने से बचें**-त्वचा ड्राई होने के जोखिम को कम करने के लिए, नहाने के समय स्पंज, स्क्रब ब्रश और वॉशक्लॉथ के इस्तेमाल से बचें। यदि आप इन्हे इस्तेमाल करना चाहते है तो हल्का रगड़े ज्यादा तेज स्क्रब करने से बचें। तौलिये से शरीर को सुखाते समय त्वचा को थपथपाएँ न की रगड़ें। फोटोएजिंग को रोकने के लिए गर्मियों के साथ-साथ सर्दियों में भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है।

**4 नारियल का तेल है फायदेमंद**- पेन मेडिसन के अनुसार नारियल का तेल प्राकृतिक रूप से एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल होता है, जो त्वचा के लिए इसे बहुत फयदेमंद बनाता है। नमक या ब्राउन शुगर के साथ मिक्स करके यह मॉइस्चराइजर के साथ-साथ एक्सफोलिएटर के रूप में काम करता है।नारियल का तेल एक प्रभावी मॉइस्चराइजर के रूप में काम करता है, जिन लोगों को मुंहासे होते हैं, उन्हें इसे अपने चेहरे पर लगाने से बचना चाहिए। आप नारियल के तेल को रात में सोने से पहले अपने चेहरे या पूरे शरीर पर लगा लें ये काफी असरदार होगा।

**5 खूब पानी पिएं**-अकसर सर्दियों में प्यास कम लगने के कारण लोग पानी पीना भूल जोते हैं, जिससे शरीर में नमी खत्म हो जाती है और स्किन फटने लगती है। कभी-कभी ये समस्या ज्यादा बढ़ जाती है जिसके कारण डिहाइड्रेशन हो जाता है। इसलिए सर्दियों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है कम से कम एक वयस्क को 2 लीटर पानी सर्दियों में पीने की सलह दी जाती है।

# दिल के मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रही हैं कुछ अत्याधुनिक तकनीक

दिल के मरीजों के बढ़ते आंकड़े चिंता का विषय बन रहे हैं। जबकि इस दिशा में आज इतनी तरक्की को चुकी है कि क्रिटिकल पेशेंट को भी सही और समय पर उपचार से बचाया जा सकता है। 39 साल के विशाल उप्रेती को कुछ समय पहले सीने में दर्द महसूस हुआ था। हालांकि, यह दर्द बहुत हल्का था और कुछ ही सेकंड्स तक रहा। पर विशाल और उनके परिवार को डॉक्टर से सलाह लेना ज़रूरी लगा। डॉक्टर से लिए गए परामर्श और कुछ टेस्ट्स में सामने आया कि विशाल की आर्टरी में ब्लड क्लॉट हैं। जिसके कारण हृदय तक जाने वाला खून सही मात्रा में नहीं पहुंच रहा था। इसके कारण उन्हें हार्ट अटैक का सामना करना पड़ा।हालांकि, प्रारंभिक स्टेज पर ही बीमारी का पता लग गया था, इसीलिए डॉक्टर ने फिलहाल दवाइयां लेने और नियमित रूप से जांच करवाते रहने की सलाह दी गई। इसके कुछ सालों के बाद जब वह मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे, तब कुछ ही कदम चलने के बाद ही उन्हें सीने में परेशानी होने लगी और सांस आनी बंद हो गई। किसी तरह वह घर पहुंचे और पहुंचते ही गिर पड़े। उनके परिवार ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां ठीक तरह से जांच-पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने पाया कि उन्हें हार्ट अटैक आया है।इसके बाद डॉक्टरों ने ऑप्टिकल कोहेरेन्स टोमोग्राफी (ओसीटी) टेस्ट किया जो हृदय की धमनियों के अंदर 3-डी इमेज कैप्चर करता है, और पाया कि उनकी महत्वपूर्ण धमनियों में से एक धमनी ब्लड क्लॉट के कारण सिकुड़ गई है।



**ओसीटी है जरूरी** -डॉक्टरों ने तत्काल परक्यूटेनियस कोरोनेरी इंटरवेंशन (पीसीआई) की प्रक्रिया की और धमनी को खुला रखने के लिए उसमें स्टंट्स डाली। जिससे दिल तक दोबारा ऑक्सीजन का प्रवाह सुचारू रूप से हो सके। एससीएडी की कवरेज की पुष्टि के लिए प्रक्रिया के बाद दोबारा ओसीटी किया गया। ओसीटी के दौरान कोई भी परेशानी सामने नहीं आई थी। अस्पताल में सिर्फ एक दिन भर्ती रहने के बाद डॉक्टरों ने विशाल को दवाइयां और मेडिकल सलाह देकर डिस्चार्ज कर दिया।बेहतरी हुई है। कोरोनरी आर्टरी डिजीज हृदय रोगों में सबसे आम हृदय की स्थिति है और भारत में अभी भी चिंता का मुख्य विषय है, लेकिन इस क्षेत्र में हुई तकनीकी प्रगति ने लोगों की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।





# कृष्णा श्रॉफ

## फिटनेस और बोल्ड अंदाज से एक्ट्रेसेस को मात देती हैं टाइगर की बहन

### बवाल है कृष्णा श्रॉफ का हर अंदाज, बोल्ड अंदाज से इंस्टाग्राम का बढ़ाती हैं...





अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी व टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ का जन्मदिन जनवरी को होता है। कृष्णा श्रॉफ की भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके जन्मदिन पर आपको बताते हैं उनके बारे में कुछ बातें और दिखाते हैं उनकी ग्लैमरस फोटोज।कृष्णा श्रॉफ का अंदाज काफी बोल्ड हैं और वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने सिजलिंग फोटोज शेयर करती हैं, जो वायरल हो जाती हैं।कृष्णा श्रॉफ, एमएमए मैट्रिक्स फिटनेस सेंटर और मैट्रिक्स फाइट नाइट की फाउंडर भी हैं।याद दिला दें कि बीते साल जून में कृष्णा ब्रेकअप को लेकर चर्चा में थीं। कृष्णा, एबन हायम्स को लंबे व्क तक डेट कर रही थीं, लेकिन फिर उनका ब्रेकअप हो गया था। कृष्णा श्रॉफ के इंस्टाग्राम पर 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं और वो खुद 257 लोगों को फॉलो करती हैं। कृष्णा अभी तक इंस्टाग्राम पर 397 पोस्ट कर चुकी हैं।कृष्णा श्रॉफ को कई सेलेब्स भी फॉलो करते हैं, जिन में आलिया भट्ट से लेकर दिशा पाटनी तक का नाम शामिल है।कृष्णा श्रॉफ की दिशा पाटनी से काफी अच्छी दोस्ती हैं। दिशा और कृष्णा श्रॉफ, एक दूजे संग अक्सर टाइम बिताते नजर आते हैं।

# वैशाली ठक्कर की मौत की वजह बना आपत्तिजनक वीडियो, राहुल ने गोवा में किया था रिकॉर्ड

टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर सुसाइड केस में अब नया अपडेट सामने आया था। रिपोर्ट्स थीं कि वैशाली को उसका पड़ोसी राहुल ब्लैकमेल कर रहा था। अब कोर्ट में पेश किए गए चालान से यह पता चला है कि राहुल ने गोवा में वैशाली का आपत्तिजनक वीडियो बनाया था। इतना ही नहीं उसने यह वीडियो वैशाली के मंगेतर को भेज दिया था। यही उनकी सगाई टूटने की वजह बनी और वैशाली ने जान दे दी।



**राहुल ने तुड़वाई शादी**-बीते दिनों ससुराल सिमर का एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर की मौत ने उनके चाहनेवालों को झटका दिया था। रिपोर्ट्स से पता चला था कि वह पड़ोसी राहुल नवलानी की ब्लैकमेलिंग से परेशान थीं। राहुल की वजह से एक बार पहले भी उनकी शादी टूट चुकी थी। इस बार फिर से उसने मंगेतर मितेश को आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो भेज दिए थे। वैशाली पहले राहुल के साथ रिलेशनशिप में थीं। वह उनके साथ गोवा गई थीं तभी उसने वैशाली के नहाते वक्त चुपचाप वीडियोज बना लिए थे।

**साथ में रुके थे वैशाली, राहुल**-रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस चालान में बताया गया है कि राहुल नवलानी के साथ वैशाली 2021 में गोवा गई थी। दोनों साथ में वहां के एक होटल में रुके थे। यहां दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और शादी का प्लान हुआ। राहुल ने यहां वैशाली के कुछ आपत्तिजनक वीडियोज बना लिए। इसके बाद इनसे ही उन्हें ब्लैकमेल करने लगा। रिपोर्ट के मुताबिक, राहुल ने किसी और नाम से इंस्टा आईडी बनाकर वैशाली के मंगेतर को ये वीडियोज भेज दिए थे। वहीं आरोपी राहुल नवलानी के वकील राहुल पेठे का कहना है कि पुलिस बयानों के आधार पर काल्पनिक कहानी बता रही है।


74 वां गणतंत्र दिवस



**भारत का संविधान**
**उद्देशिका**

हम, भारत के लोग, भारत को एक **संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :


सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की **स्वतंत्रता,**
प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**
प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और
राष्ट्र की एकता और अखंडता
सुनिश्चित करने वाली **बंधुता** बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को **एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

**मूल कर्तव्य**

**भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह -**

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(ग) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है;
(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणि मात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;
(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू ले;
(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करे।



74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मूल कर्तव्यों को अंगीकृत कर हम सब सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलते हुए प्रदेश को उन्नति की ओर बढ़ाएं।

**सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

जय हिन्द, जय भारत

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# क्या चाहते हैं खम्मम में जुटे विपक्षी दल


राम गोपाल सैनी

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अब पूर्ण होने को है। ऐसे में पांच विपक्षी दलों के नेताओं के तेलंगाना में एकजुट होने से विपक्षी एकता पर जवाब मिलने से ज्यादा सवाल उठ खड़े हुए हैं। बेशक यह अप्रत्याशित नहीं था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव लंबे समय से क्षेत्रीय दलों का संघीय मोर्चा बनाने की कवायद में जुटे हैं। अपने क्षेत्रीय दल तेलंगाना राष्ट्र समिति को भारत राष्ट्र समिति का नाम देकर वह अपनी राष्ट्रीय राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं भी स्पष्ट कर चुके हैं।18 जनवरी को तेलंगाना के खम्मम में हुई रैली में तीन राज्यों के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और पिनाराई विजयन सहित पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सीपीआई नेता डी. राजा भी शामिल हुए। तमाम वर्गों की समस्याओं पर चिंता जताते हुए रैली में बताया गया कि तेलंगाना की कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी नीतियां उनका सुनियोजित समाधान पेश करती हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती खम्मम में जुटे पांच विपक्षी नेताओं के मोदी और बीजेपी विरोध पर तो संदेह नहीं, पर उनकी क्षमता पर जरूर है।ये जिन राज्यों के क्षत्रप हैं, वहां से देश की 543 सदस्यीय लोकसभा में 120 सांसद आते हैं। इन दलों के पास मात्र 19 सांसद हैं। इसके मुकाबले कांग्रेस के पास इस बुरे वक्त में भी, 53 सांसद हैं, जिसे अलग-थलग करने का संकेत खम्मम रैली से गया है।बेशक इनमें से कोई भी नेता रैली में कांग्रेस के विरुद्ध नहीं बोला, पर जब-तब आते रहे उनके बयान और अब तक के व्यवहार से साफ है कि उनके निशाने पर कांग्रेस भी है, जिसके तेवर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आगे बढ़ने के साथ-साथ बदलते नजर आ रहे हैं।भारत जोड़ो यात्रा से जनमानस में राहुल की छवि में बदलाव और हताश कांग्रेस में नए उत्साह के संचार से विरोधी भी इनकार नहीं कर रहे। इससे बीजेपी का चिंतित होना स्वाभाविक है।




# फलाहारी बाबा और रुक्क्षमणी कुमारी ने किया साई बाबा के पाटोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर के द्वादशम पाटोत्सव के पोस्टर का विमोचन श्री श्री 1008 चेतन दास जी महाराज फलाहारी बाबा और ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी के कर कमलों से संपन्न हुआ। श्री शिरडी साई मंदिर के महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि हर साल मंदिर की स्थापना से ही साई बाबा का पाटोत्सव मनाया जाता है। इस बार द्वादशम पाटोत्सव 1 फरवरी से 3 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसमें विशाल साई सत्संग और विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। 1 फरवरी को बाबा का अभिषेक और श्रंगार, 2 फरवरी को श्री राम भक्त वीर हनुमान जी सुंदरकांड रामधुनी मंडल ईटावा भोपजी द्वारा सुंदरकांड का पाठ और 3 फरवरी को विशाल साईं सत्संग, कन्या प्रसादी और संतों द्वारा आशीर्वचन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पूर्व विधायक सैनी ने किया नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान



**जयपुर (संस्कार सृजन)।** अशोक विहार निवास स्थान पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी द्वारा महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान संरक्षक व चुनाव अधिकारी प्रह्लाद सहाय अधौपिया, नव निर्वाचित अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, उपाध्यक्ष हीरा लाल जादम, मंत्री ओमकार तंवर, संयुक्त मंत्री मोहन लाल तंवर, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सैनी महारकला सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी का सम्मान किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अर्जुन लाल सिंगोदिया, राज कुमार काकरवाल, मोहनलाल तंवर ,सुवालाल सिंगोदिया, कृष्ण गोपाल माली, बद्री प्रसाद सैनी बांसा व अन्य सदस्य मौजूद रहे।




# बलाई विकास समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** मोरीजा रोड कागलिया हनुमान मंदिर के सामने स्थित बलाई समाज सभा-भवन में बलाई विकास समिति जयपुर के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार घसिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। समिति के महासचिव हनुमान सहाय झांटीवाल एवं उप महासचिव व मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि बैठक में 5 फरवरी को आयोजित होने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी, भामाशाह सम्मान, आमसभा एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह को लेकर अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना, मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, पुरस्कार वितरण एवं मीडिया मैनेजमेंट पर विचार विमर्श किया गया।

हरसोलिया ने बताया कि कक्षा10वीं 12वीं में 70 प्रतिशत, स्नातक स्नातकोत्तर में 60प्रतिशत एवं नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित समाज के छात्र-छात्राओं की अंक तालिका, चयन के आदेश, डिग्री व प्रमाण पत्र की फोटो प्रति 31 जनवरी तक शिक्षा समिति के पदाधिकारी एवं निवेदन कर्ताओं तक आवश्यक रूप से भिजवावें। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष रामावतार बांयला, उप कोषाध्यक्ष गोपालचंद सोंगण, सचिव गोपाल लाल तंवर, रामकरण गोठवाल, संगठन सचिव कन्हैयालाल बुढगाया, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोपाल लाल बुनकर, सीताराम बुनकर, राजेंद्र प्रसाद काला, रामगोपाल छापोला, गजानंद परिहार, रिछपाल दायमा आदि मौजूद रहे।

## (कविता)
## प्यारा हिंदुस्तान बनाएँ

भारत को मत बाँटो प्यारो
जाति धर्म के झगड़ों में।
गद्दारी मत करो देश से
पावन भारत की माटी में।
लहू पिला कर सींची जिसने,
इस भारत की बगिया को।
नहीं उजाड़ो मिलकर तुम सब,
फूलों की इस क्यारी को।
भगत, सुभाष और
तिलक ने मिलकर,
प्यारा देश सजाया था।
नहीं जलाओ भारत भू को
द्वेष आंदोलनों की चिंगारी से।
आतताइयों के पथ को छोड़ो,
एक बनो सब खुद्दारी से।
भारत माँ की जय जय बोलो,
देशभक्ति की वाणी से।
बने सशक्त समृद्ध सभी हम,
पुरुषार्थ को अपनाकर,
भारत माँ का सम्मान करें हम,
प्रेम की माला पहना कर।
गुंथे रहे हम इक माला में
प्रेम सुमन सब हिल मिलकर।
एकता का पथ अपना ले
राष्ट प्रहरी हमसब बनकर।
राग,द्वेष,झगड़ों को भुलाकर ,
वतन के दुश्मनों पर
विजयी पा जायें,
आओ हम मिल कर करें प्रतिज्ञा ,
एकता से समृद्ध हिंदुस्तान बनाएँ
प्यारा नया हिंदुस्तान बनाएँ।
सुन्दर सा हिंदुस्तान बनाएँ।
जन गण मन को साथ में लेकर,
आओ हम सब गणतंत्र मनाएँ।
एकता के फूलों से गूंथी
सुंदर एक माला बनवाएँ।
लेकर तिरंगा हाथ में मिल जुल ,
राष्ट्रध्वज हर घर फहराए।
भारत मां की करे आरती
आओ हम सब गणतंत्र मनाए।
आओ गणतंत्र दिवस मनाए।
प्यारा हिंदुस्तान बनाएँ।



राजेन्द्र आचार्य
राजन,
भवानीमंडी
राजस्थान




# राज्यपाल ने 74 वें गणतंत्र दिवस पर राजभवन में झण्डा फहराया

जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 74 वें गणतंत्र दिवस पर राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धा नमन किया। उन्होंने इस मौके पर देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए सभी से साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए मिठाई भी बांटी। उन्होंने राजभवन राजकीय विद्यालय के बालक-बालिकाओं को भी मिठाई वितरित की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा